हिन्दुस्तान

शनिवार
24 जनवरी 2026, बरेली

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

**PAGE NO 4: MIDDLE**



बरेली प्रीमियर टी-20 प्राइजमनी लीग में खिलाड़ियों से परिचय करते मंत्री डॉ. अरुण।

# क्रिकेटः पहले मैच में एसआरएमएस ने दर्ज की जीत

बरेली। बरेली प्रीमियर टी-20 प्राइजमनी क्रिकेट लीग का शुक्रवार को निशांत क्रिकेट मैदान पर शुभारंभ वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने किया। पहले मैच में एसआरएमएस ने पहले खेलते हुए यशु प्रधान की शतकीय पारी की बदौलत 145 रन से क्रिकेट नर्सरी को करारी शिकस्त दी। दूसरा मुकाबला बरेली हंटर और जीपी क्रिकेट अकादमी में हुआ। बरेली हंटर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.4 ओवर में 149 रनों पर सिमट गई। जीपी क्रिकेट अकादमी ने बारिश से बाधित मैच में डकवर्थ लूईस नियम के तहत आठ विकेट से मैच जीत लिया। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनील सक्सेना व सचिव प्रशांत ने बताया कि शनिवार को दो मुकाबले जीएसटी इलेवन व बरेली हंटर्स व ओसिस क्रिकेट क्लब व क्रिकेट नर्सरी के बीच होगा।